अपनी सिफारिश यह की है कि यह स्कीम एक्सटेंड करने का सवाल ही नहीं लेकिन जो स्कीम पिग आयरन, स्टील, पैट्रोलियम प्रोडक्ट्स और नाइट्रोजन्स फर्टिलाइजर्स के बारे में है, उसे भी क्रमश: फेजआउट करना चाहिए, उसको रद्द करना चाहिए और अन्य मार्गों से इस सवाल को हल करने की कोशिश की जाये, यह उनकी सिफारिश है।

### सकरी-हसनपुर रेलवे लाइन

*394. **श्री राम सेवक हजारी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वोत्तर रेलवे पर सकरी से हसनपुर तक नई रेलवे लाइन बनाने सम्बन्धी योजना अनेक वर्षों से अनिर्णीत पड़ी है ;

(ख) क्या गत वर्ष के बजट के अनुसार इस लाइन को बनाने का काम वर्ष 1980 तक पूरा होना था ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा उपरोक्त योजना की उपेक्षा किये जाने के क्या कारण है ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) Construction of Hasanpur-Sakri line is an approved work included in the budget for 1974-75.

(b) Yes, Sir.

(c) Heavy commitments have been entered into for the construction of new railway lines and it has been decided to concentrate on some of them instead of starting all of them at the same time. Since the construction work on Hasanpur-Sakti line is yet to be started, it is proposed to take it up after the lines which are already in hand make substantial progress.

**श्री राम सेवक हजारी** : मंत्री महोदय ने इस सदन में कई बार कहा है कि सरकार पिछड़े क्षेत्रों को प्राथमिकता देगी। उन्होंने अभी भी कहा है कि वह इस वर्ष काम शुरू करने जा रहे हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि इस वर्ष किस महीने में वह इस लाइन का कार्य शुरू करने जा रहे हैं। जब वह शुरू करने जा रहे हैं, तो क्या वह इसको प्राथमिकता देंगे ?

**प्रो० मधु दंडवते** : माननीय सदस्य ने जिस परियोजना के बारे में पूछा है, उस की पूरी लैंथ 74.9 किलोमीटर है और उसका कास्ट आफ कन्सट्रक्शन 6.19 करोड़ रुपये है। सर्वेक्षण से पता चला है कि इस की रिटर्न सिर्फ 2.9 परसेंट है। जब यह रिटर्न है, तो हो सकता है कि यह लाइन आर्थिक दृष्टि से ज्यादा सहायक न हो। पिछली मर्तबा जो 28 लाइनें हम ने हाथ में ली थी, उन में से 7 लाइनों का काम पूरा हुआ है। एक लाइन ड्राप की गई है और तीन एडीशनल लाइन्स ली गई हैं। इस बारे में हमारी स्ट्रैटेजी और नीति यह रहेगी कि जो काम हाथ में लिये गये हैं, उन्हें पूरा किया जाये, या कम से कम उनमें काफी तरक्की हो जाये, और उसके बाद एपरूव्ड वर्क्स का जरूर हाथ में लेंगे।

**श्री राम सेवक हजारी** : किन योजनाओं को पूरा करने के बाद इस योजना को हाथ में लिया जायेगा ?

**प्रो० मधु दण्डवते** : मैंने बता दिया है।

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: In the answer given by the Minister he has raised two issues. One is, though it has been included in 1974, it has been thrown into the background and some other works have been taken up, and the second is, he said that because of the lack of econo-

mic viability this has been given a low priority.

Sir, this is in the backward area. If that is so, if a criterion of economic viability is applied to laying lines in the backward areas, they will not see the light of the day. In those circumstances economic viability should not be the criterion whereas it should be the backwardness of the area. Keeping this in mind, may I know whether the hon. Minister will reconsider his decision and see that the work is started as early as possible?

PROF. MADHU DANDAVATE: He has expanded the scope of this question, but even then I am prepared to answer that because it is a very important question.

Yesterday while replying to the debate on the Railways I have already indicated that so long as there are financial constraints, it will not be possible for us to undertake a large number of schemes and projects in the backward areas. Therefore, I have found out a via media and we are already discussing with the Finance Ministry and the Planning Commission one more *modus operandi* to enlarge the scope of our resources. One method would be that if the Planning Commission and the Finance Ministry allow us to utilise the surpluses that we have mopped up in the course of the financial year to be utilised as the development fund for the construction of new lines in the backward areas, the problems can be solved to a very great extent. We are continuing those discussions and I hope that with your support we will be able to get success.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH. What about backward areas?

PROF. MADHU DANDAVATE: I was referring to that. In the backward areas they were not able to get clearance for a number of years, because they were going by the traditional standard that unless 10 per cent return is there, a line would not be considered for approval. But the new formula which I am proposing, and which is taken note of, is that we need not wait for the clearance of the Planning Commission on the ground of viability; on the ground of backwardness we can proceed with the project.

SHRI B. P. MANDAL: I want to know whether it is a fact that not only the Sakari-Hasanpur line, but all the other lines of the North-eastern Railways, especially the lines falling within the Kosi area, including the restoration lines of Nirmali-Bhaptiaki, Pratap Ganj-Bhimnagar and Biharganj-Bhatiarpur have not been taken up? As against that, other lines in the State of Maharashtra have been taken up, in the constituency of the Minister himself. Is this not a fact?

PROF. MADHU DANDAVATE: I have already replied to that question. Unfortunately, the hon. Member wants to cast aspersion on my regionalism. Since he has done it, I want to make that position very clear. It is one of the projects in the south. Firstly, it is not a project in Maharashtra. It is a project which starts in Maharashtra, passes through Goa, goes to Karnataka as a direct link with Kerala and Tamil Nadu. I think if there is one project which can be called really a project of national integration in the South. It is this project. That is my contention. Kindly do not attribute any regionalism. I would be the last person to do it.

One portion of the West Coast Railway line has been cleared by the Planning Commission, in view of the appeal that has been made by the Ministry of Petroleum and Chemicals. They wrote to the Planning Commission that they are likely to take up a fertilizer project in that particular region and so they would very much like that the first part, namely, Apta-Roha, should be cleared. Though the matter is still pending, clearance was given to this portion. That was the background for the Planning Commission giving clearance to that line. It has been cleared as a project-oriented line.

**श्री युवराज** : अध्यक्ष महोदय, सकरी हसनपुर लाइन का जब सर्वे हुआ था और उसके बाद जब इस की स्वीकृति दी गई थी तो क्या इस पर विचार किया गया था कि जो इलाका सभी कम्यूनिकेशंस से वंचित है, जहां आने जाने का कोई साधन नहीं है और सब से बड़ा गरीब इलाका है जहां न कोई रोड की सुविधा है न रेलवे लाइन की सुविधा है, क्या इन तमाम बातों का सर्वे करा कर यह निर्धारित किया गया था कि वहां नई लाइन के निर्माण में प्राथमिकता दी जाये? यदि हां, तो जब नई लाइनों के निर्धारण के सम्बन्ध में आपने नई नीति निर्धारित की तो इसको प्राथमिकता न देना क्या उचित था ?

**प्रो० मधु दण्डवते** : मैंने इस सवाल का जवाब अभी दिया है अंग्रेजी में, वही हिन्दी में देना चाहता हूं । माननीय सदस्य अंग्रेजी जानते हैं इसलिए मैं समझता हूं कि अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद की जरूरत नहीं है, लेकिन मैंने जो डेवलपमेंट फंड के बारे में बात कही थी और पिछड़े हुए हल्कों में नई लाइन शुरू करने में प्राथमिकता मिलनी चाहिए इस के लिए आर्थिक सहायता कैसे मिले इस के लिए जो सुझाव मैं ने रखा है अगर प्लानिंग कमीशन और फाइनेंस मिनिस्ट्री इसको मजूर करे तो पिछड़े इलाकों मे नई लाइन शुरू करने मे कोई दिक्कत नहीं होगी ।

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** : अभी अभी मंत्री महोदय ने बताया कि आर्थिक दृष्टिकोण से यह लाइन लाभप्रद नहीं होगी, तो मैं जानना चाहता हूं, इसी प्रकार से आप ने बहुत सी लाइनों का सर्वे कराया है और वह सर्वे फाइल का अंग बन कर रह गये हैं, अन्त मे उत्तर यही आता है । जब आर्थिक दृष्टिकोण से यह लाइन लाभप्रद नहीं थी, तो फिर आपने सर्वे क्यों कराया था, किस दृष्टिकोण से कराया था ?

**प्रो० मधु दण्डवते** : इस सवाल का जवाब मैंने दे दिया है लेकिन फिर देना चाहता हूं । किसी की नीयत पर मैं हमला नहीं करना चाहता हू लेकिन पहले ऐसा हुआ है, यह साफ मैं इस सदन को बता देना चाहता हूं कि पहले कई स्कीम और प्रोजेक्ट्स के बारे में ऐसा हुआ है कि सर्वे बन रहा था, उसकी रिपोर्ट अच्छी नहीं थी, यह सब जानते हुए भी कई स्कीम्स शुरू कर दी गई, बाद में मिनिस्टर को पता लग गया कि उस का एकोनामिक सर्वे बहुत बुरा है, इसलिए उन्होंने उस को मुल्तवी रखा । इस प्रकार का काम इस सर्वे में भी हुआ है, इस स्कीम मे भी हुआ है । लेकिन जैसा मैंने माननीय सदस्य को कहा, एक नई स्कीम पिछड़े हुए इलाकों के लिए मैंने रखी है, उसकी स्वीकृति हो जाती है तो पिछड़े हुए हल्कों मे नई रेल लाइनें शुरू करने मे कोई दिक्कत नहीं होगी ।

SHRI JANARDHANA POOJARY: So far as the Kondan-West Coast line is concerned, it has been stated that the work will be started from Apta to Roha, but the people of Karnataka are not satisfied with this action of the Railway Minister. The people of Karnataka want the railway line to start from Mangalore to Roha because we have the bitter experience of the Hassan-Mangalore line. As years roll on, the expenditure will be more. So, may I know whether the hon. Minister will start work on the Mangalore-Roha section?

PROF. MADHU DANDAVATE: It is not related to the original question. Anyway, since it has been raised, let me clarify the position.

There has been a general convention that whenever any route is to be started, it is to be started from the rail-head, and since we are likely to get one more fertiliser project, it is very necessary that this particular

line should be taken up. In constructing any route, I would say that the entire route is not taken up at once. It is always constructed in patches. This patch is 62 km. and normally we take up 50 to 60 k.m. at a stage and therefore, Apta-Roha has been taken up. It is our experience that once you start a particular route, though it may be delayed, it is bound to be completed. The hon. Members may rest assured that as far as the railway administration is concerned, it will show no discrimination between Maharashtra, Goa, Karnataka, Kerala and Tamil Nadu It will make a unified attempt to complete the projects.

SHRI M N GOVINDAN NAIR. Can you repeat that answer facing me that you have not discriminated against Kerala?

PROF MADHU DANDAVATE Facing you I can make the statement. I have my conscience here

**श्री लालजी भाई** माननीय अध्यक्ष, महोदय, हसनपुर-सकरी लाइन का सर्वे करा दिया गया है लेकिन माननीय मन्त्री महोदय कई कारण बता कर इस लाइन को स्थगित करना चाहते है। इस लाइन को बनाने के रास्ते मे कोई कारण नही आने चाहिए। मै जानना चाहता हू कि कब तक इस लाइन पर काम शुरू हो जायगा और कब तक पूरा हो जायेगा।

माननीय मंत्री जी यहा पर समय का आश्वासन दें।

**प्रो० मधु दण्डवते** मूल प्रश्न का जवाब मैने दे दिया है, उससे ज्यादा विस्तार मे मै इसका जवाब नही दे सकता।

**श्री राम विलास पासवान** माननीय अध्यक्ष महोदय, यह हसनपुर-सकरी लाइन मेरे क्षेत्र से भी सम्बन्धित है और मेरे यहां से दस मील की दूरी पर है। मैं बताना चाहता हूं कि अभी भी उस इलाके के जो बूढ़े लोग हैं उन्होंने रेल नही देखी है; वह इलाका इतना बैकवर्ड और पिछड़ा हुआ है कि उस इलाके के बूढ़े लोगों ने अभी तक रेल के दर्शन नहीं किए हैं। वहा पर करीब बीस पच्चीस मील का जो एरिया वहां पर न तो कोई रोड है और न कोई अन्य यातायात के साधन हैं। आप हूं वहा पर साइकिल से भी नही जा सकते हैं—रेल की बात तो छोड़ ही दीजिए। तो इस प्रकार का जो इलाका है जहा पर न रोड है और न कुछ और है वहा से के लिए मुश्किल से एक रेलवे लाइन का प्रपोजल आया है उसमे भी यदि विलम्ब होगा उसके कार्यान्वयन मे, तो मैं समझता हू उस क्षेत्र के लोगों के प्रति बहुत बडा अन्याय होगा। मै आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हू कि क्या वे हसनपुर-सकरा लाइन को प्राथमिकता दे कर तुरन्त कार्यान्वित करायेगे?

**प्रो० मधु दण्डवते** : अध्यक्ष जी, घुमा-फिरा कर फिर वही सवाल पूछा जा रहा है, इस लिए मेरा जवाब भी वही होगा।

**श्री उग्र सेन** अध्यक्ष जी, विगत सरकार के रेल मंत्री ने और इन के विभाग ने पिछड़े इलाकों की बहुत सी रेल-लाइनों का सर्वे कराया था और वे रिपोर्ट इन के यहां फाइलों मे पड़ी हुई है। मै रेल मंत्री जी से स्पष्ट तौर से जानना चाहता हूं कि जो सर्वेक्षण पूर्वोत्तर रेलवे के पिछड़े इलाकों के सम्बन्ध मे कराये गये थे, क्या वे उन की जाच-पड़ताल करके, छान-बीन करा कर, उनमे से दो-चार लाइनों को निकालने की कृपा करेंगे?

**प्रो० मधु दण्डवते** . मै इस सवाल का जवाब भी दे चुका हू—यहा भी मेरा वही जवाब होगा।